**आरोप** ▶ विधानसभा और वार्षिक रिपोर्ट के छात्र आंकड़ों में हेरफेर, विवादों के घेरे में महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय

# शिकायत के बाद हजारों छात्र रिकार्ड से गायब




**नवभारत,ढीमरखेड़ा।** महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के छात्र प्रबंधन और वार्षिक आंकड़ों को लेकर विवादों के घेरे में है। विश्वविद्यालय के ही निदेशक सुधाकर सिंह राजपूत द्वारा 23 अप्रैल 2026 को की गई एक शिकायत के बाद यह मामला उजागर हुआ है। अपनी शिकायत में निदेशक राजपूत ने बेहद भावुक और कड़ा रुख अपनाते हुए आरोप लगाया है कि वर्तमान विश्वविद्यालय प्रबंधन के लोग पूज्य महर्षि महेश योगी के पवित्र सपने और उनके द्वारा स्थापित उच्च आदर्शों को पूरी तरह धूमिल कर रहे हैं। जिस संस्थान की नींव वैदिक ज्ञान और उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रसार के लिए रखी गई थी, उसे आज कुछ लोगों द्वारा भ्रामक आंकड़ों और प्रशासनिक अनियमितताओं का केंद्र बना दिया गया है। सुधाकर सिंह राजपूत ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई के लिए देश और राज्य के सर्वोच्च पदों के अधिकारियों को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजा है। शिकायत में दस्तावेज़ों के आधार पर बताया गया है कि मध्य प्रदेश विधानसभा के सत्र में पूछे गए एक तारांकित प्रश्न के जवाब में सरकार की ओर से बताया गया था कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 के दौरान विश्वविद्यालय में नियमित पाठ्यक्रमों के छात्र 12,325, दूरस्थ शिक्षा के छात्र, 60,399 है। कुल छात्रों की संख्या 72,724 है। इसके विपरीत जब विश्वविद्यालय की उसी शैक्षणिक सत्र 2023-24 की वार्षिक प्रतिवेदन की जांच की गई, तो वहां आंकड़े पूरी तरह बदल गए। वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार नियमित छात्र 10,818, स्वाध्यायी छात्र 79,326 हैं, कुल छात्रों की संख्या 90,144 है। शिकायत में सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह उठाया गया है कि जुलाई 2025 में विधानसभा के ही एक अन्य प्रश्न, के उत्तर में विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की कुल संख्या अचानक मात्र 1,417 और 1,924 दर्शाई गई। शिकायतकर्ता सवाल उठाया है कि एक ही समान शैक्षणिक सत्र के संबंध में अलग-अलग संवैधानिक और प्रशासनिक पटल पर इतने विरोधाभासी आंकड़े क्यों पेश किए गए, मात्र कुछ महीनों के अंतराल में कुल 87,110 विद्यार्थियों की भारी कमी या अंतर आने का वास्तविक कारण क्या है। निदेशक राजपूत ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र संख्या को जानबूझकर छिपाया या बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया है। यह सीधे तौर पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और विधानसभा जैसे उच्च संवैधानिक निकायों को गुमराह करने का एक संगठित प्रयास प्रतीत होता है, जिसके पीछे करोड़ों रुपए के शुल्क और फंड का हेरफेर होने की गंभीर आशंका है। इस शिकायत के बाद अब उच्च शिक्षा विभाग और नियामक आयोगों की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि मामले की गहन भौतिक और प्रशासनिक जांच कराकर दोषियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 और भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए।

वहीं एक अन्य मामले में महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के बालाघाट के छात्र आशीष धुर्वे ने बालाघाट एसपी को शिकायत की थी, जिसके बास शिकायत को कटनी जिला प्रशासन को भेजा गया है। जिसके बाद कलेक्टर ने छात्र द्वारा विश्वविद्यालय प्रबंधन लगे आरोपों की जांच करा रहे हैं।



## पारदर्शी व्यवस्था ही नगर निगम की प्राथमिकता

▶ **नगर निगम में महापौर ने सुनीं शहरवासियों की समस्याएं**

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम द्वारा मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में महापौर ने शहरवासियों की समस्याओं को सुना और विभागीय अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में शहर के विभिन्न वार्डों से काफी संख्या में नागरिक पहुंचे और पेयजल, साफ-सफाई, सड़क मरम्मत, नाली निर्माण, बंद स्ट्रीट लाइट, अतिक्रमण, राजस्व संबंधी समस्याओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध ओर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करना नगर निगम की प्राथमिकता है। जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या बेवजह देरी नहीं करें। जनसुनवाई के दौरान कई आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए, वहीं शेष प्रकरणों के जल्द निराकरण के लिए संबंधित विभागों को समयसीमा निर्धारित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महापौर ने अधिकारियों से अपने स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग करते हुए नागरिक समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही मंच पर उपस्थित रहे, जिससे नागरिकों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। आमजन की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए।

### एक नजर में

## गैस एजेंसी में सिलेंडर बुकिंग में फर्जीवाड़े का आरोप

**नवभारत, कटनी।** शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों की कथित ब्लैक मार्केटिंग और उपभोक्ताओं के नाम पर फर्जी बुकिंग का मामला सामने आया है। उपभोक्ता ने आरोप लगाया है कि उसके गैस कनेक्शन पर बिना किसी बुकिंग के फरवरी माह में एक सिलेंडर और 15 मई को दूसरा सिलेंडर स्वतः बुक होकर डिलीवर भी दिखा दिया गया, जबकि उसने स्वयं किसी प्रकार की बुकिंग नहीं कराई। मामला अशोक एच.पी. गैस एजेंसी से जुड़ा बताया जा रहा है। उपभोक्ता के अनुसार न तो रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से कोई कॉल या बुकिंग की गई और न ही गैस डायरी में सिलेंडर वितरण की कोई एंट्री दर्ज है। इसके बावजूद सिस्टम में सिलेंडर की डिलीवरी दर्शाई जा रही है। उपभोक्ता ने आशंका जताई है कि इस तरह की फर्जी बुकिंग कर घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की जा रही है। यदि यह आरोप सही पाए जाते हैं तो यह उपभोक्ता अधिकारों का गंभीर उल्लंघन होने के साथ-साथ शासन की गैस वितरण व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई उपभोक्ताओं को ऐसी शिकायतें पहले भी रही हैं, लेकिन जांच के अभाव में मामले दब जाते हैं। अब उपभोक्ताओं ने संबंधित विभाग और तेल कंपनी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## कार्य कराने के बाद भुगतान नहीं कर रहा स्कूल प्रबंधन

▶ **दशरमन सरकारी स्कूल का मामला, सौंपी गई शिकायत**

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले की तहसील ढीमरखेड़ा के अंतर्गत ग्राम दशरमन स्थित शासकीय स्कूल में सीसीटीवी कैमरे लगाने और रिपेयरिंग कार्य के भुगतान नहीं करने पर मझगवां नैनी निवासी सीसीटीवी तकनीशियन रामजी सोनी ने निष्पक्ष जांच और बकाया राशि दिलाने की मांग को लेकर कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, जनपद पंचायत सीईओ और स्थानीय थाना प्रभारी को आवेदन सौंपा है। रामजी सोनी ने आवेदन में बताया कि स्कूल की प्राचार्य रेखा नामदेव द्वारा उन्हें स्कूल में सीसीटीवी कैमरे लगाने और उनके सुधार कार्य के लिए बुलाया गया था। उन्होंने 3 मई 2026 से 12 मई 2026 तक स्कूल में सीसीटीवी संबंधी कार्य किया। रामजी सोनी के अनुसार कार्य शुरू होने से पहले ही स्कूल स्टाफ की मौजूदगी में काम का मूल्य और पूरा हिसाब-किताब तय कर लिया गया था। कार्य पूरा होने के बाद स्कूल प्रबंधन और स्टाफ ने कैमरों की जांच की और कार्य को सही भी पाया, बावजूद इसके अब तक उनके भुगतान को अटका कर रखा गया है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि भारत लाल नामदेव नामक व्यक्ति, जो कि स्कूल में किसी भी आधिकारिक पद पर कार्यरत नहीं हैं, उसके द्वारा भुगतान और बिलिंग की प्रक्रिया में सीधा हस्तक्षेप किया जा रहा है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति द्वारा तय बिल में कटौती करने का दबाव बनाया गया। पीड़ित का आरोप है कि उनके पुराने एक निजी कार्य का बकाया भुगतान भी स्कूल के बिल में जोड़ने की बात कही गई थी, लेकिन वह भी नहीं दिया गया। भुगतान मांगने पर स्कूल प्रबंधन द्वारा उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है आवेदन में पीड़ित ने अधिकारियों से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की गई है।

## युवाओं और बच्चों में करा रहे फिटनेस और व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास

▶ **रीठी में किया गया ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन**



**नवभारत,रीठी।** जिले की रीठी में युवाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह-2026 का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। शिविर में खेल गतिविधियों के साथ फिटनेस, व्यक्तित्व विकास, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामाजिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर की शुरुआत फिट इंडिया आंदोलन के अंतर्गत योग, प्राणायाम, मॉर्निंग रन, ग्रुप फिटनेस गतिविधियों से हुई। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित व्यायाम के महत्व की जानकारी दी। सुबह आयोजित फिटनेस सत्रों में बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आरोह-2026 शिविर में कम्युनिकेशन स्किल्स, लीडरशिप और मोटिवेशनल सेशन्स आयोजित किए गए। विशेषज्ञों ने बच्चों को आत्मविश्वास, टीमवर्क और सकारात्मक सोच विकसित करने के टिप्स दिए। युवाओं को भविष्य में बेहतर नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के दौरान सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं एवं रचनात्मक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। बच्चों ने नृत्य, गीत, चित्रकला और अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रमों ने प्रतिभागियों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया। शिविर में विभिन्न इनडोर और आउटडोर खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को बेसिक से एडवांस स्तर तक की कोचिंग दी गई। खेल गतिविधियों के माध्यम से अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धात्मक सोच विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया।

## मुख्य मार्गों में मनमानी कर लगाए गए 128 अवैध होर्डिंग्स को हटाए

▶ **नगर निगम द्वारा पूरे शहर में की गई कार्रवाई**



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित सुगम बनाने के उद्देश्य से अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा शहर की सुंदरता, सुचारू यातायात व्यवस्था, वर्षा ऋतु के पूर्व बेहतर जल निकासी करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही शहर के प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों के तहत मिशन चौक से कुठला थाना तक के मार्ग से में लगे लगभग 126 अवैध होर्डिंग्स बैनर हटाए गए। नगर निगम अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों के सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए अतिक्रमण टीम द्वारा नगर के विभिन्न बाजार क्षेत्रों सुभाष चौक, स्टेशन रोड मुख्य मार्ग, सिल्वर टॉकीज खोवा मंडी मार्ग, झंडा बाजार और बरगवां मुख्य मार्ग में भी अभियान चलाकर अव्यवस्थित फल ठेला संचालकों, सार्वजनिक मार्गों में रखी दुकान सामग्री को व्यवस्थित करने की कार्रवाई की गई इस दौरान अतिक्रमण कर्ताओं पर लगभग 28 सौ रूपए का जुर्माना भी लगाया गया है। नगर निगम की अतिक्रमण शाखा द्वारा उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में विशेष अभियान चलाकर नाले के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।

नगर निगम ने सार्वजनिक स्थलों पर अवैध अतिक्रमण, अवैध होर्डिंग्स-बैनर लगाने से बचने के लिए कहा गया है। शहर को सुंदर, स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## दोषी पुलिस कर्मियों पर दर्ज की जाए एफआईआर

▶ **शादी समारोह में पुलिस लाठी चार्ज का मामला**



**नवभारत, कटनी।** जिले के कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत इंद्रानगर में 20 अप्रैल 2026 को एक दलित परिवार के विवाह समारोह के दौरान हुई कथित पुलिस कार्रवाई के मामले में आम आदमी पार्टी ने कानून व्यवस्था, संवैधानिक अधिकारों और सामाजिक न्याय व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आम आदमी पार्टी ने आरोप में कहा है कि विवाह समारोह के दौरान बाराती और घरातियों पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग कर किया गया लाठीचार्ज, विवाह मंडप से दूल्हा-दुल्हन को थाना परिसर ले जाने के मामले में धार्मिक और पारंपरिक वैवाहिक अनुष्ठान बाधित होना है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल सिंह सेंगर ने कहा कि इस कथित कार्रवाई में दलित बेटी की माता भगवती चौधरी सहित लगभग 8 लोग घायल हुए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना के दौरान कोई महिला पुलिस अधिकारी मौजूद नहीं थी, इसके बावजूद महिलाओं पर पुरुष पुलिसकर्मियों द्वारा बल प्रयोग किया गया। पीड़िता वधू की माता भगवती चौधरी ने कहा कि हम अपनी बेटी का विवाह खुशी और सम्मान के साथ करना चाहते थे, लेकिन पुलिस कार्रवाई ने पूरे परिवार को अपमान और भय में डाल दिया। महिलाओं और बुजुर्गों तक को नहीं बख्शा गया। आज भी हमारा परिवार न्याय की उम्मीद में प्रशासन की ओर देख रहा है। वहीं वधू रिचा चौधरी ने कहा कि उसके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन डर और तनाव में बदल गया।

विवाह की रस्में अधूरी रह गईं और हमें थाना ले जाकर बैठाया गया। मैंने कभी नहीं सोचा था कि अपनी शादी के दिन मुझे इस तरह का अपमान सहना पड़ेगा। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल सिंह सेंगर ने कहा कि भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को गरिमा, समानता और धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है। किसी दलित परिवार की बेटी के विवाह समारोह में हस्तक्षेप कर उसके धार्मिक संस्कारों को बाधित किया गया है, तो यह अत्यंत गंभीर विषय है और इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक विधिक कदम उठाए जाएंगे। वहीं अधिवक्ता यश खरे ने कहा पुलिस कार्रवाई में अधिकारों का अतिक्रमण हुआ है, महिलाओं के साथ विधि विरुद्ध बल प्रयोग किया गया है, धार्मिक अनुष्ठानों में बाधा डाली गई है, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जानी चाहिए।

उन्होने सवाल पूछे है कि विवाह मंडप से दुल्हन को उठाकर थाना परिसर में बैठाना कानून सम्मत है, दलित समाज को समान न्याय प्राप्त करने का अधिकार व्यवहारिक रूप से उपलब्ध है, क्या धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संपन्न करना अपराध है।

उन्होने प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने वाले पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर करने, पीड़ित परिवार को सुरक्षा, न्याय देने की मांग की है। उन्होने कहा है कि यह मामला सिर्फ एक परिवार का नहीं, बल्कि सामाजिक सम्मान, संवैधानिक अधिकारों और न्याय व्यवस्था में आमजन के विश्वास से जुड़ा हुआ है।

## नगर निगम ने जर्जर भवनों को जेसीबी से तोड़ा

▶ **नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर लगातार जारी है कार्रवाई**



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित जर्जर भवनों को सुरक्षा के मद्देनजर ढहाने की कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर शुरू की गई इस कार्रवाई के दौरान मंगलवार को महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड स्थित वैश्य गली के एक जर्जर मकान को हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम के कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि भवन लंबे समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में होने के कारण आसपास निवासरत रहने वाले लोगों और राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ था। पूर्व में भवन स्वामी को जर्जर भवन के रिमूवल की कार्रवाई के संबंध में नोटिस भी दिया गया था। निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद नगर निगम द्वारा बारिश के पहले संभावित दुर्घटनाओं की आशंका के मद्देनजर तत्काल करते हुए पूरी सावधानी के साथ भवन को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जर्जर भवन स्वामियों से कहा गया है कि अपने जर्जर और असुरक्षित भवनों को हटाने की कार्रवाई स्वयं करें, नहीं तो नगर निगम द्वारा चिन्हित भवनों को हटाया जाएगा।

## कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन कर रीठी क्षेत्र में हो रहा नलकूप खनन



**नवभारत, रीठी।** जिले की रीठी तहसील में जिला दंडाधिकारी के आदेश को दरकिनार कर लगातार अवैध रूप नलकूप खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह अवैध कार्य जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिबंध के बावजूद रात का अंधेरा होते ही गांवों और खेतों में बोरवेल मशीनें पहुंच जाती हैं और पूरी रात अवैध खनन का कार्य चलता रहता है। सुबह होते-होते मशीनें गायब हो जाती हैं और प्रशासन को भनक तक नहीं लगती, या फिर जानबूझकर कार्रवाई नहीं की जाती है।

**समीक्षा** ▶ प्रतिदिन वार्डों का निरीक्षण कर जल निकासी व्यवस्थाओं की लगातार मॉनीटरिंग करने के आयुक्त ने दिए निर्देश

## जलभराव वाले मार्गों को चिहिन्त कर समस्या का कराएं स्थाई समाधान, आपसी समन्वय से करें कार्य



**नवभारत,कटनी।** आने वाले बारिश के मौसम के मद्देनजर शहरवासियों को जलभराव की समस्या से राहत दिलाने और सुगम जल निकासी व्यवस्था तय करने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां लगातार जारी हैं। इसी क्रम में मंगलवार को नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार द्वारा स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग और अतिक्रमण विभाग के अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित कर वर्षा पूर्व तैयारियों की समीक्षा की गई। निगमायुक्त ने बैठक के दौरान शहर के जलभराव संभावित क्षेत्रों के नाले नालियों की सफाई व्यवस्था की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए पूर्व में दिए गए निर्देशों के पालन की जानकारी ली। उन्होंने बस स्टैंड, तुलसी गार्डन, साईं परम कॉलोनी, जागृति कॉलोनी, एसबीएन स्कूल क्षेत्र, समदड़िया कॉलोनी, झिंझरी, सागर पुलिया, गाटर घाट, मोहन घाट, चांडक चौक, राष्ट्रीय स्कूल, महात्मा गांधी वार्ड गांधी गंज, कटनी डिग्री कॉलेज, बारहवां क्षेत्र, एलआईसी ऑफिस, रंगनाथ मंदिर, मंगल नगर पुलिया, माधव नगर ग्राम पंचायत चौराहा, बंगाली कॉलोनी, विश्राम बाबा कुम्हार मोहल्ला, रिलायंस पेट्रोल पंप के पास सहित अन्य संवेदनशील स्थलों पर नाला-नालियों की सफाई कार्य की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मशीनरी और मानव संसाधनों की संख्या बढ़ाकर शेष नाला-सफाई कार्य जल्द पूरा कराया जाए। साथ ही जल निकासी मार्गों में अवरोध उत्पन्न करने वाले अतिक्रमणों को प्राथमिकता से हटाने, सड़कों के गड्ढों और क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत कराने, नालों के आसपास उगी झाड़ियों, मलबे की सफाई सुनिश्चित करने, मुख्य मार्गों के शोल्डर दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त ने जलभराव वाले मार्गों का चिन्हांकन कर स्थायी समाधान के लिए कार्ययोजना तैयार करने, खतरनाक खुले नालों की कवरिंग के प्रस्ताव तैयार करने, वर्षा पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्था समय सीमा में पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने क्षेत्रीय अधिकारियों को प्रतिदिन अपने-अपने वार्डों का निरीक्षण कर जल निकासी व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। निगमायुक्त ने कहा कि बारिश के दौरान किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसके लिए पूरी गंभीरता और सतर्कता के साथ कार्य करें। सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ मैदानी स्तर पर नियमित निरीक्षण करते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में कार्यपालन यंत्री असित खरे, अंशुमान सिंह, सहायक यंत्री सुनील सिंह, अनिल जायसवाल, उपयंत्री जेपी बघेल, संजय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षक और वार्ड दरोगा उपस्थित रहे।

## जिला समिति में संदीप सदस्य नियुक्त



**नवभारत, उमरियापान।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की जिला समिति में उमरियापान निवासी संदीप सोनी को सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी नियुक्ति भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह की अनुशंसा पर जिले के प्रभारी मंत्री उदयप्रताप सिंह द्वारा की गई। संदीप सोनी लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते आ रहे हैं। वे लगातार जनहित के मुद्दों, सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी सक्रिय रहते हैं। उनकी नियुक्ति से उमरियापान क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह है। कार्यकर्ताओं ने संदीप सोनी को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपनी नई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगे। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी हमेशा समर्पित और मेहनती कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने का कार्य करती है। संदीप सोनी की नियुक्ति से क्षेत्र के युवाओं को भी संगठन में सक्रिय होकर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। संदीप सोनी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेंगे।